सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 240 | इंदौर, सोमवार 11 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. SC: इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी के लिए समय सीमा बढ़ाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा- कल ही जानकारी दे
2. Supreme Court: नए कानून के तहत न हो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर की गई मांग
3. Manipur: मणिपुर के MMA फाइटर ने प्रधानमंत्री मोदी से की खास अपील, भावुक कर देने वाला वीडियो हुआ वायरल
4. Haryana: रेवाड़ी में भीषण सड़क हादसा, गाड़ी की स्टेपनी बदल रहे लोगों को कार ने रौंदा, छह की मौत और छह घायल
5. अस्सी की रस्साकशी: 19 से '20' है 24 का चुनाव, बदले समीकरण और खिलाड़ी, इस बार वैसा गठबंधन नहीं; लड़ाई त्रिकोणीय
6. विधान परिषद चुनाव : भाजपा के सात, अपना दल-रालोद व सुभासपा से एक-एक प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

# अब कांग्रेस खोलेगी अपने पत्ते

## 29 लोकसभा सीटों पर तय होंगे नाम, आधे कैंडिडेट्स का ऐलान संभव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तो अपने अधिकांश प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, अब कांग्रेस भी एक बार फिर अपने पत्ते खोलने जा रही है। एमपी की 29 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार तय करने के लिए दिल्ली में सोमवार को कांग्रेस सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की मीटिंग होगी। कांग्रेस मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह और सीईसी मेंबर ओमकार सिंह मरकाम शामिल होंगे।



बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस के बड़े नेताओं के लोकसभा चुनाव लडऩे पर भी चर्चा होगी। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री तरुण भनोत, सज्जन सिंह वर्मा, डॉ. गोविंद सिंह, जीतू पटवारी के अलावा विधायकों और पूर्व विधायकों को चुनाव लड़ाने पर फैसला होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव गुना से सिंधिया से खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं।

लोकसभा के उम्मीदवारों की पहली सूची 3 दिन पहले जारी की है। अब सोमवार को दिल्ली में बैठक में दूसरी सूची के नामों पर मुहर लग जाएगी। कांग्रेस मध्यप्रदेश की आधी सीटों पर मंगलवार को उम्मीदवार घोषित कर सकती है।

### →सागर के दावेदार ने किया चुनाव लडऩे से मना

सागर जिले की खुरई सीट से विधायक रहे अरुणोदय चौबे का नाम सागर लोकसभा सीट के दावेदारों में शामिल है। उन्होंने उम्मीदवारों की सूची घोषित होने के पहले ही चुनाव लडऩे से मना कर दिया है। अरुणोदय चौबे ने रविवार को फेसबुक पर जानकारी देते हुए लिखा- सागर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से व्यक्तिगत कारणों की वजह से अपना नाम वापस ले रहा हूं। इस विषय में पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय कमलनाथ और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को अवगत करा दिया है कि मेरे नाम पर विचार न किया जाए। सागर लोकसभा क्षेत्र की जनता की सेवा और क्षेत्र की तरक्की करने में मेरी सहभागिता सदैव रहेगी, यही मेरा संकल्प है।

### →नेताओं के कांग्रेस छोडऩे से टेंशन बढ़ी

कांग्रेस नेताओं के लगातार पार्टी छोडऩे के कारण उम्मीदवार तय करने में मशक्कत करनी पड़ रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, धार के पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी के बीजेपी जॉइन करने के बाद अब होशंगाबाद और धार में नए सिरे से चेहरों पर मंथन करना पड़ रहा है।

## कमलनाथ बोले- मैं छिंदवाड़ा नहीं छोड़ूंगा



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जबलपुर से लोकसभा चुनाव लडऩे के सवाल पर कहा है, ऐसा कोई प्लान नहीं है। मैं छिंदवाड़ा किसी हालत में नहीं छोड़ूंगा। वे सोमवार को छिंदवाड़ा पहुंचे। यहां मीडिया के सवाल, कांग्रेस के बड़े नेता पार्टी छोड़ रहे हैं? के जवाब में उन्होंने कहा, सुरेश पचौरी शामिल हुए हैं, उनकी मर्जी। अरुणोदय चौबे ने तो पहले ही कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। दीपक जोशी तो वहीं के थे। पार्टी चाहती है कि बड़े नेता लोकसभा चुनाव लड़ें। ऐसी चर्चा थी कि पार्टी कमलनाथ को जबलपुर से उतार सकती है, लेकिन कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि उनका जबलपुर से लोकसभा चुनाव लडऩे का प्लान नहीं है।

# कालोनी सेल ने कई अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए जारी की सूचना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। नगर निगम कालोनी सेल द्वारा पूर्व में दो अलग-अलग चरणों में सवा सौ से ज्यादा अवैध कालोनियों को वैध किया गया था और अब तीसरे दौर में 34 और अवैध कालोनियों को वैध किए जाने के लिए दावे-आपत्ति बुलाए गए हैं।**

राज्य शासन के निर्देश के बाद नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बनी अवैध कालोनियों का सर्वे किया गया था और सर्वे के दौरान अवैध कालोनियों को लेकर तमाम जानकारियां एकत्रित की गई थीं। अब यही प्रक्रिया के तहत 34 और अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए निगम द्वारा आज जाहिर सूचना प्रकाशित कर दावे-आपत्ति बुलवाए गए हैं। निगम अधिकारियों के मुताबिक कालोनियों को वैध करने के लिए लेआउट प्लान से लेकर कई तैयारियां की जा रही हैं और आने वाले कुछ माह में यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इनमें कई कालोनियां 29 गांवों के अंतर्गत शहरी सीमा में शामिल हुए क्षेत्रों की भी है। वहां भी अब आने वाले दिनों में निगम द्वारा तमाम विकास कार्य कराए जाएंगे।

### इन कॉलोनियों को वैध करने की तैयारी

निगम अफसरों के मुताबिक ग्राम छोटा बांगडदा की कालोनी साकेत धाम, ग्राम लिम्बोदी की कालोनी श्रीकृष्ण विहार, ग्राम हुकमाखेड़ी की अवैध कालोनी दुर्गानगर और न्यू दुर्गा नगर, पालदा की पुष्पदीप नगर, सिरपुर की द्वारकापुरी, मूसाखेड़ी का अमन नगर और इदरीस नगर, साहिन नगर एक्सटेंशन, ग्राम छोटी खजरानी के अंसार नगर, ग्राम बिचौलीहप्सी की कल्पतरू कालोनी, लिम्बोदी की गुरुकुल फार्म कालोनी, निपानिया की लैण्डलार्ड स्टेट कालोनी, बिचौली की प्रणाम इस्टेट कालोनी, रायल सिटी कालोनी, सोहम पार्क कालोनी, प्रगति एवेन्यू कालोनी। लसूडियामोरी की प्रिंसेस इस्टेट कालोनी, पुष्प वाटिका कालोनी, मूसाखेड़ी की अक्षरधाम कालोनी आदि शामिल हैं।

# सुपर कारीडोर पर स्टेडियम बनाने होगा रि टेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर विकास प्राधिकरण की बैठक में बिल्डर्स पिंटू छाबड़ा और राजेश मेहता की कंपनी मध्य भारत का टेंडर खारिज कर दिया है। यह टेंडर सुपर कॉरिडोर पर स्टेडियम बनाने जारी किया था। प्रभारी आईडीए सीईओ गौरव बैनल ने बताया कि सिंगल टेंडर था और पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नहीं थी, इसलिए तय किया गया कि फिर से इसका टेंडर जारी किया जाएगा।**

उल्लेखनीय है कि स्टेडियम के लिए आरक्षित 20 एकड़ जमीन 197 करोड़ रुपए में तय की थी। स्पोर्ट्स हब की योजना 169 बी और 151 की यह जमीन के लिए आईडीए ने 23,800 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर तय की थी। इसके लिए कंपनी मध्य भारत ने 23,801 रुपए प्रति वर्गमीटर भरते हुए टेंडर हासिल कर लिया था। साथ ही इसके लिए 19 करोड़ रुपए भी आईडीए को भर दिए थे। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स की बाउंड्रीवाल व मार्ग के विकास के लिए भूमि ही नहीं है। इसके लिए आईडीए ने नक्शा पास कराने की टीएंडसीपी से कोशिश की जिसे, जनवरी में टीएडंसीपी ने आवेदक रमेश यादव की याचिका के आधार पर खारिज कर दिया। यहां सुपर कॉरिडोर पर 24 मीटर चौड़े मार्ग का अलाइमेंट को चेंज किया गया है। इससे मौके पर कुछ प्लाट का एरिया बढ़ गया है तो कुछ का कम हो गया है।

इसके चलते आईडीए चाहता है कि अन्य जमीन से मार्ग निकल कर मामला खत्म हो जाए, लेकिन इसमें याचिकाकर्ता ने आपत्ति लगाकर बताया कि आईडीए उनकी जमीन से यह निकालना चाहता है, लेकिन उसे जुलाई 2022 से ही हाईकोर्ट से स्टे है और उसकी जमीन पर कुछ नहीं किया जा सकता है। जमीन पर एमपीसीए बड़ा क्रिकेट स्टेडियम बनाना चाहता था और इसके लिए रियायती दर 80 करोड़ देने को तैयार था। लेकिन आईडीए ने इसे रियायती दर पर देने से इंकार कर दिया और फैसला लिया कि वह खुद इसका संचालन करेगा।

# राष्ट्रसंत वसंतविजय का जन्मदिन सेवा-प्रसादी वितरण दिवस के रूप में मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राष्ट्रसंत वसंत विजय महाराज का 55 वां जन्मदिवस सेवा एवं भोजन प्रसादी वितरण दिवस के रूप में मनाया। इस उपलक्ष्य में श्री कृष्णागिरी पाश्र्व पद्मावती सेवा मंडल द्वारा विद्याधाम में 350 से अधिक गायों को घास, गुड़, लापसी,केला, पालक आदि खिलाया। 20 दृष्टिहीन बच्चों एवं स्टाफ को नाश्ता कराया। तत्पश्चात रणजीत हनुमान मंदिर पर मंडल द्वारा बाबा रणजीत हनुमान को चोला एवं ध्वजा चढ़ाई। 2500 भक्तों साबूदाने की खिचड़ी बांटी। रणजीत हनुमान मंदिर स्थित अन्नक्षेत्र में 500 भक्तों को भोजन कराया। राज शांति आशियाना वृद्धाश्रम में भट्टी एवं टीवी भेंट की। ज्योति निवास नवलखा पर 50 विकलांगों को टी-शर्ट और दवाइयां बांटी गई।

# कलेक्टोरेट से गंगवाल बस स्टैंड की चौड़ाई में होगा संशोधन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए आयोजित की। इसमें शहरहित में कई निर्णय लिए गए। बैठक में सबसे अहम मुद्दा कलेक्टोरेट से गंगवाल बस स्टैंड तक बनने वाली सडक़ की चौड़ाई में संशोधन का लिया गया। वहीं, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के खंडवा रोड, आरएनटी मार्ग परिसर में विभिन्न भवनों के निर्माण कार्य एवं परिसर के विकास हेतु 153.11 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। इन्दौर विकास योजना 2041 के वृद्धित निवेश क्षेत्र में प्राधिकारी की नगर विकास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार कर टाउन एंड कंट्री से समन्वय कर प्रस्ताव तैयार किया जाए। इन्दौर रीजनल डेवलपमेंट प्लान की कार्ययोजना हेतु टेंडर के माध्यम से कंसल्टेन्ट नियुक्त किया जाए। प्राधिकारी की योजना क्रमांक 171 को व्यपगत करने नीति निर्धारित की गई। इसके अंतर्गत मुख्यतः भूस्वामियों की जानकारी, स्कीम पर किए व्यय की राशि, जिला पंजीयक सहकारी संस्थाओं से संस्थाओं की जानकारी आदि प्राप्त किये जाने के निर्देश दिये गये।

# सफाई मित्रों के सम्मान में ई-वेस्ट और कचरे से बनाई सफाईकर्मियों की तस्वीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्वच्छता के सिरमौर इंदौर ने लगातार सातवीं बार फिर नंबर वन का खिताब जीता है। हर साल इस उपलब्धि में इंदौर के सफाई मित्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसी के तहत इंदौर में सफाई मित्रों के सम्मान में ई-वेस्ट और कचरे से सफाईकर्मियों की तस्वीर बनाई गई। इसका शनिवार को अनावरण हुआ। इस मौके पर महापौर भार्गव ने कहा कि सफाई मित्रों ने शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके बिना इंदौर को स्वच्छ रखना संभव नहीं है। सफाई मित्र हमारे शहर के नायक हैं, जो दिन-रात काम करते हैं और शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखते हैं। वे इस शहर की रीढ़ है, जिन्होंने पूरी दुनिया में इंदौर को पहचान दिलाई है। फिक्की फ्लो की चेयरपर्सन ममता बाकलीवाल कहा कि आज हम अपने शहर के उन अनसुने नायकों का सम्मान कर रहे हैं, जिनकी मेहनत और समर्पण के बिना हमारा इंदौर इतना स्वच्छ और सुंदर कभी नहीं हो सकता था। सफाई मित्रों की अथक मेहनत और सेवा के लिए मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं।

### सोच और आत्मा में भी होनी चाहिए स्वच्छता

बाकलीवाल ने कहा कि सफाई मित्रों का काम सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि हमारे समाज में स्वच्छता की एक नई संस्कृति का निर्माण करना है। यह हमें सिखाते हैं कि स्वच्छता सिर्फ हमारी गलियों और घरों तक सीमित नहीं, बल्कि यह हमारी सोच और आत्मा में भी होनी चाहिए। कार्यक्रम में एमआइसी सदस्य अश्विनी शुक्ल, फिक्की फ्लो की रेखा मेहता, मीतू कोहली, नेहा मित्तल, विभा जैन समेत कई लोग मौजूद थे।

कटाक्ष




# अजय जैन विकल्प को दिल्ली में मिला कबीर कोहिनूर सम्मान-2024

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारत भूषण महंत डॉ. नानक दास महाराज के नेतृत्व और कल्कि धाम पीठाधीश्वर (संभल) के आचार्य प्रमोद कृष्णन महाराज एवं हरियाणा के स्वामी संपूर्णानंद महाराज, ने साहित्यकार अजय जैन विकल्प को कबीर कोहिनूर सम्मान-2024 से सम्मानित किया। दिल्ली स्थित डॉ. आम्बेडकर भवन में साहित्य सेवार्थ मिले इस सम्मान को श्री जैन ने अपने सभी रचनाशिल्पियों और मंच को समर्पित किया है।

जनपथ मार्ग स्थित उक्त भव्य भवन में सुबह से शाम तक हुआ यह भव्य आयोजन एक अमिट छाप छोड़ गया, क्योंकि देशभर से सम्मानित होने के लिए करीब 150 व्यक्तित्व यहाँ जुटे। इस मौके पर मुख्य अतिथि आचार्य प्रमोद कृष्णन ने कहा कि, कबीर मानवता की राह पर चले, अपने गुणों की बदौलत



उन्हें विश्व में कीर्ति मिली। हमें उनका अनुसरण करना चाहिए।

सद्गुरु कबीर समाधि स्थल के महंत आचार्य विचार दास जी महाराज, धराधाम के संस्थापक संत डॉ. सौरभ महाराज सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति तथा साहित्यकार डॉ. अभिषेक कुमार के मंच संचालन में 'कबीर कोहिनूर सम्मान-2024 का यह तीसरा समारोह डॉ. आम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हॉल में देखने लायक रहा।कार्यक्रम में भारत के समस्त राज्यों से होनहार प्रतिभावान असाधारण महानुभावों को सम्मान से विभूषित करने के क्रम में इंदौर (मप्र ) से साहित्यकार, जमीनी पत्रकार और सम्पादक (हिन्दीभाषा डॉट कॉम) अजय जैन विकल्प को कबीर कोहिनूर सम्मान 2024 से अभिनन्दन-पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। आयोजन की गरिमा इसलिए भी बढ़ी कि, इसके लिए देश की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का शुभकामना संदेश प्राप्त हुआ। लोकप्रिय हिन्दी मंच की सह-सम्पादक श्रीमती अर्चना जैन ने बताया कि, महान संत श्री सद्गुरु कबीर साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में यह सम्मान सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान (बड़ी खाटू नागौर राजस्थान) से मिलना हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है।

# अवैध कॉलोनी में बगैर नक्शा पास कराए बन रहे दस से ज्यादा निर्माणों पर चले बुलडोजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में अवैध कॉलोनियों में धड़ल्ले से बगैर नक्शे के मकान बनने लगे है। एक अवैध कॉलोनी में सोमवार सुबह नगर निगम और प्रशासन की टीम ने दस से ज्यादा निर्माण तोड़े। बागगंगा क्षेत्र की न्यू अंजनी नगर बस्ती में यह मकान बनाए जा रहे है। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी एक भाजपा नेता ने काटी है।**



अवैध कॉलोनी में हो रहे निर्माण का पता चलने के बाद नगर निगम ने सप्ताह भर पहले नोटिस दिए थे। सुबह दो जेसीबी और 30 से ज्यादा श्रमिकों को लेकर निगम के अफसर बस्ती में जा पहुंचे।

रहवासियों ने पहले विरोध किया। उनका कहना था कि जब अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी, तब अफसरों ने कॉलोनाइजर के खिलाफ एक्शन क्यों नहीं लिया। सस्ते होने के कारण हमने प्लाट खरीदे और इधर-उधर से पैसा जोड़कर मकान बना तो हमारे मकान तोड़े जा रहे है। अफसरों ने कहा कि नक्शा पास कराए बगैर निर्माण कराना नियमों के विपरित है।

अफसरों ने मकानों में से सामान निकाले के लिए कुछ देर की मोहलत दी। इसके बाद बुलडोजरों ने डेढ़ घंटे के भीतर मकानों को मलबे में तब्दील कर दिया। कॉलोनी में दस से ज्यादा निर्माणों को तोड़ा गया। जिन लोगों ने अभी मकानों का निर्माण शुरू किया है। उन्हे नगर निगम की तरफ से नोटिस दिया गया है।

**परिवार में गमी होने के कारण नहीं तोड़ा एक मकान-** बस्ती में रहने वाले एक परिवार के यहां गमी हो गई थी। परिवार के मुखिया की मौत होने के कारण फिलहाल मकान को नहीं तोड़ा गया, लेकिन मकान को पूर्व में नोटिस भेजा गया । विधवा महिला ने अफसरों से कहा कि परिवार में अब कमाने वाला नहीं बचा। मकान भी टूट जाएगा तो फिर सिर छुपाने के लिए भी जगह नहीं बचेगी। महिला ने रोते हुए बाद में भी मकान नहीं तोड़ने का आग्रह अफसरों से किया।

## महिला की चेन चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। परदेशीपुरा में एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। वह दर्शन करने मंदिर गई थी। इस दौरान भीड़ में किसी महिला ने वारदात कर दी। पुलिस ने पहले आवेदन लिया फिर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक एकता पंवार निवासी अमर टेकरी ने बताया कि वह नगर निगम में सफाई कर्मचारी है। वह अपनी बहू को लेकर सुभाष नगर गेंदेश्वर मंदिर में दर्शन करने पहुंची। यहां भीड़ ज्यादा होने से काफी धक्का-मुक्की हो रही थी। इस दौरान किसी महिला ने उनके गले से सोने की चेन चुरा ली। वह मंदिर की भीड़ से बाहर आई तो सोने की चेन गायब थी। यहां से उन्होंने थाने पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत की। पुलिस ने फुटेज देखने के बाद केस दर्ज करने का कहा लेकिन, बाद में थाने बुलाकर केस दर्ज किया गया।

## 15 साल की नाबालिग से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में भी ले लिया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली एक 15 साल की लडक़ी ने अपनी मां के साथ आकर थाने पर बताया कि वह शिवरात्रि पर वह रैली में गई थी। इस दौरान बगीचे में घूम रही थी। तभी वहां रोहित और धर्मेन्द्र मिले। दोनों ने जबरदस्ती बात करने को कहा। नाबालिग के मना करने पर रोहित अपशब्द कहने लगा। इसी बीच धर्मेन्द्र ने नाबालिग का हाथ पकड़ लिया और मारपीट करने लगा। इस दौरान नाबालिग ने विरोध किया तो आरोपियों ने पाइप से लडक़ी को बुरी तरह पीट दिया। इस दौरान वह भागते हुए सडक़ पर आ गई। पुलिस ने मामले में आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

## लडक़ी से रेप की कोशिश, पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तुकोगंज पुलिस ने युवती से रेप की कोशिश करने के मामले में एक आरोपी पर केस दर्ज कर उसे पकड़ा है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक 26 साल की युवती की शिकायत पर राहुल वर्मा निवासी गोमा की फेल के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी उसे गलत नीयत से हाथ पकडक़र खंडहर में ले गया। उसके साथ गलत काम करने की कोशिश की। इस दौरान वहां पीडिता की बहन पहुंच गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है।

## अमावस्या पर समझाया सेवा का महत्व, गायों को खिलाई हरी मक्का की घास, खाद्य सामग्री की दान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गौ सेवा समिति ग्रुप ने अमावस्या के दिन गौसेवा करके इसका महत्व बताया। ग्रुप के सदस्य विजय शारदा ने बताया कि हमारे धर्म में सेवा का विशेष महत्व है। हम पिछले तीन साल से प्रत्येक माह की पूर्णिमा और अमावस्या पर शहर की विभिन्न गौशालाओं में जाकर गौ माता को पौष्टिक आहार देते हैं। इस बार भी हमने हरी मक्का की घास, उड़द की चूरी, गेहूं का चौपड़, गुड़ के लड्डू इत्यादि दान किया। हर युवाओं, बच्चों और हर वर्ग को सेवा का महत्व बताते हैं। यदि आप महीने में एक बार भी कुछ अच्छा काम करते हैं तो उसकी खुशी हमारे जीवन में असर डालती है। उससे मिलने वाली सकारात्मक ऊर्जा हमारे करियर, परिवार, जीवन हर क्षेत्र में प्रभाव डालती है। इसलिए हम लोगों को सिखाते हैं कि भले ही महीने में एक दिन आप अच्छा काम करें लेकिन कुछ न कुछ जरूर अच्छा करें।

### गौशाला पर किया पूजन अर्चन

गौ सेवा समिति ग्रुप के सदस्यों ने शहर के पश्चिम क्षेत्र पंचकुइया स्थित श्री अखंड धाम मंदिर और जय सियाराम बाबा मंदिर गौशाला पर जाकर पूजन अर्चन किया। इस सेवा में चंद्रशेखर नीमा, विजय शारदा, श्याम एवं विष्णु गुप्ता, एलएन राठी, आरएस गोयल, अनुराग नीमा, शैलेंद्र नीमा, मुकेश ठाकुर, चंद्रशेखर नीमा, दुर्गा प्रसाद जोशी, हरमोहन नीमा, मनोज नीमा, श्रीकिशन तिवारी, गणेश नीमा, प्रहलाद नीमा, विष्णु गुप्ता, विजय हेड़ा, रूपा हेड़ा, द्वारकादास नीमा, हरीश उप्पल, ओमप्रकाश, बालकृष्ण नीमा, हरमोहन नीमा, प्रहलाद नीमा, दिलीप भंडारी, जगदीश झवर, द्वारकादास पोरवाल, कैलाश राठौड़, मुकेश ठाकुर, सरला गोयल, उमा नीमा, किरण नीमा आदि मौजूद थे।

## कार पर गिरा ओवरलोड ट्रक, तीन बच्चों के साथ सात दबे, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के कम्पेल में हुए हादसे में एक परिवार के तीन बच्चों सहित सात लोग दब गए। कार पर गिरे ट्रक से दबे इन लोगों में से गांव वालों ने छह को बचा लिया जबकि एक की मौत हो गई। परिवार बच्चों की पैरेंट्स मीटिंग के लिए स्कूल गया था वहां से वापस घर लौट रहा था। हार्डवेयर व्यापारी उदयनगर (देवास) निवासी सुमित जायसवाल (35) वेगनआर से कम्पेल की तरफ जा रहे थे। कार में सुमित की पत्नी पूर्णिमा (32), बेटा व्योमेश (8), बेटी मिताली (12), मां सविता (55), भाभी अंजू (38) पति अनिल जायसवाल और भतीजी काव्या (9) भी थी। वे सभी बच्चों के स्कूल में पैरेंट्स टीचर मीटिंग में शामिल होकर लौट रहे थे। तभी ये हादसा हो गया।

## इन्दौर में महासभा चुनाव का बहिष्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अखिल भारतीय बैरवा महासभा के प्रांतीय चुनाव का इंदौर के मतदाताओं ने सार्वजनिक रूप से बहिष्कार किया।**



उपरोक्त विषय पर लेख है कि आगामी 17 मार्च को संघठन के प्रांतीय अध्यक्ष एव महामंत्री के चुनाव अधिसूचना के माध्यम से जारी किया गया था जो कि एक ही पोलिंग बूथ उज्जैन में किया जायेगा

अधिसूचना के संदर्भ में इंदौर के अत्यधिक मतदाता होने का कारण दर्षाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखित रूप से सदस्यों के हस्ताक्षर सहित ज्ञापन दिया गया था जिसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष एव राष्ट्रीय मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा दिनांक 5 मार्च को प्रांतीय चुनाव समिति को इंदौर में भी अतिरिक्त पोलिंग बूथ बनाए जाने का निर्देश जारी किया गया था एवम पुनः उक्त निर्देश पर राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा 9 मार्च को एक और पत्र जारी कर इंदौर में पोलिंग बूथ बनाए जाने के निर्देश जारी किए गए किन्तु प्रांतीय चुनाव समिति ने निर्देश का पालन नहीं करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा जारी आदेश को नही माना तब इंदौर के सदस्यों द्वारा 10 मार्च को सार्वजनिक बैठक का आह्वान बैरवा धर्मशाला नेहरू नगर में किया गया बैठक में संस्था के सदस्यों सहित समाज गणमान्य नागरिक अत्यधिक संख्या उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में इंदौर में पोलिंग बूथ नही बनाए जाने का विरोध करते हुए चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की गई। बैठक में महत्वपूर्ण रूप से प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रामकरण गोठवाल एव प्रांतीय महामंत्री पद के प्रत्याशी मदनलाल मिमरोट,नन्दु लोदवाल,महेश जिनवाल भी उपस्थित रहे जिनके द्वारा भी इंदौर में पोलिंग बूथ बनाए जाने का समर्थन किया है।

# आचार संहिता से पहले खंडवा को मिली सौगातें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले खंडवा के जख्मों पर थोड़ा सा मरहम लगने जा रहा है। 12 मार्च से पासपोर्ट केंद्र की सुविधा के साथ खंडवा से सनावद तक मेमो ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा। वहीं 11 मार्च से खंडवा स्टेशन पर शिर्डी जाने वाली कालका सुपरफास्ट एक्सप्रेस का स्टॉपेज रहेगा। इन विषयों पर मौजूदा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने रेलमंत्री के सामने बात रखी थी। आखिरकार, चुनावी फायदा देखते हुए केंद्र ने सांसद की गिनी-चुनी मांगे स्वीकार कर ली।

रविवार को रेलवे ने पत्र जारी कर 12 मार्च मंगलवार से मेमू ट्रेन का संचालन शुरू करने का टाइम टेबल जारी किया है। हालांकि 12 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को देखते हुए केवल इस दिन के लिए समय में कुछ फेरबदल किया जा सकता हैं। रेल अफसरों के मुताबिक, खंडवा यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते और ट्रेन के संचालन के लिए स्टाफ उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया चल रही है। इसको देखते हुए अभी इसका एक माह लिए टाइम टेबल जारी किया है। आगामी दिनों में इसका विस्तार कर दिया जाएगा।

फिलहाल एक महीने तक मेमू ट्रेन सिर्फ एक फेरा लगाएगी। इसके फेरो के विस्तार में बढ़ोत्तरी का तथा सप्ताह में 6 दिन चलाने का आश्वासन भी दिया है। अभी यह मेमू ट्रेन सप्ताह में 5 दिन चलाई जा रही है। बुधवार और गुरुवार दो दिन के लिए इसके मेंटेनेंस के लिए मेमू रैक भुसावल भेजा जाएगा।

### ऐसा रहेगा मेमो ट्रेन का टाइम टेबल

खंडवा से सुबह 9 बजे प्रस्थान होगा, 9.25 को अजंटी, 9.46 अत्तर, 9 बजकर 59 मिनट को कोटलाखेड़ी, 10 बजकर 8 मिनट को निमाड़खेड़ी, 10 बजकर 30 मिनट पर सनावद पहुंचेगी। यानी खंडवा से सनावद पहुंचने में डेढ़ घंटा लगेगा। यात्री बस भी लगभग इतना ही समय लेती है। वापसी में सनावद से खंडवा के लिए ट्रेन 2 बजकर 45 मिनट पर निकलेगी। 2 बजकर 58 मिनट पर निमाड़खेड़ी पहुंचेगी। 3 बजकर 7 मिनट पर कोटलाखेड़ी, 3 बजकर 18 मिनट पर अत्तर 3 बजकर 39 मिनट पर अजंटी तथा 4 बजकर 10 मिनट पर खंडवा आएगी।

### शिर्डी जाने वाली कालका सुपरफास्ट का स्टॉपेज मिला

पूर्व सदस्य रेल समिति मनोज सोनी के अनुसार, एक साल के भीतर खंडवा और बुरहानपुर स्टेशनों पर 7वीं ट्रेन का स्टॉपेज मिलने जा रहा है। ट्रेन संख्या 22455/56 साईनगर शिर्डी कालका सुपर फास्ट का स्टॉपेज खंडवा स्टेशन पर होगा। रेलवे बोर्ड ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को पत्र भेजकर जानकारी दी है।

ट्रेन संख्या 22456 कालका साई नगर शिर्डी (सप्ताह में दो दिन) प्रति सोमवार और शुक्रवार दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर खंडवा स्टेशन पर आगमन करेगी। 5 मिनट रुककर सांई नगर शिर्डी के लिए रवाना होगी। साई नगर शिर्डी स्टेशन पर शाम 6 बजकर 40 मिनट पर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 22455 साई नगर शिर्डी स्टेशन से मंगलवार और शनिवार सुबह 10 बजे निकलकर इसी दिन दोपहर 4 बजकर 5 मिनट पर खंडवा आगमन करेगी। यहां से कालका के लिए रवाना होगी।

## गाड़ी की स्टेपनी बदल रहे लोगों को कार ने रौंदा, छह की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी में देर रात एक भीषण सडक़ हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। वहीं छह लोग घायल हो गए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी लोग खाटू श्याम के दर्शन करके लौट रहे थे। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दिल्ली सीमा के पास स्थित एक सोसायटी के निवासी थे। जो खाटू श्याम से लौट रहे थे। हादसे में ड्राइवर विजय, शिखा, पूनम, नीलम और रंजना कपूर की जान चली गई। परिवार जब अस्पताल में पहुंचा तो इस दौरान शवों को देखकर चीख पुकार मच गई जैसे-तैसे साथ में आए लोगों ने एक दूसरे को संभाला। मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद की अजनारा ग्रीन सोसायटी में रहने वाले कुछ लोग खाटू धाम गए थे। सभी लोग एक-दूसरे के पड़ोस में रहते हैं और इनोवा कार बुक करके दिल्ली से निकले थे। खाटू श्याम के दर्शन करने के बाद सभी लोग वापस गाजियाबाद जा रहे थे। रेवाड़ी से धारूहेड़ा रोड पर जाते समय गांव मसानी के पास उनकी कार पंक्चर हो गई। ड्राइवर व अन्य लोग पंक्चर हुई स्टेपनी को बदलने का प्रयास कर रहे थे। कुछ लोग सडक़ किनारे गाड़ी के पास बैठे थे और कुछ लोग गाड़ी के अंदर बैठे थे। इसी बीच एसयूवी ने टक्कर मार दी।

## फिर भाजपा में वापसी करेंगे दीपक जोशी

### पूर्व सीएम कैलाश जोशी के बेटे ने कहा- मैं तो सुबह का भूला हूं, शाम को घर लौट रहा हूं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** पूर्व सीएम कैलाश जोशी के बेटे और भाजपा से तीन बार विधायक रहे दीपक जोशी सोमवार को एक बार फिर भाजपा जॉइन करेंगे। दीपक विधानसभा चुनाव 2023 से पहले 6 मई 2023 को कांग्रेस में शामिल हो गए थे। दीपक ने दैनिक भास्कर से कहा- मैं तो सुबह का भूला हूं, शाम को घर लौट रहा हूं। मध्य प्रदेश कांग्रेस को आज फिर कांग्रेस को झटका लगने वाला है। 10 महीने पहले भाजपा को छोड़ कांग्रेस में शामिल होने वाले पूर्व सीएम कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी भाजपा में शामिल होंगे। दीपक जोशी 6 मई 2023 को ही कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्होंने बीजेपी पर उपेक्षा के आरोप लगाए थे। दीपक जोशी के अलावा कुछ अन्य पूर्व विधायक भी भाजपा ज्वाइन करेंगे। बता दें पूर्व सीएम कैलाश जोशी के बेटे दीपक जोशी भाजपा से तीन बार विधायक रहे। दीपक जोशी के अलावा गुनौर से कांग्रेस विधायक रहे शिवदयाल बागरी, सागर जिले की खुरई सीट से विधायक रहे अरुणोदय चौबे भी बीजेपी की सदस्यता लेंगे। बता दें कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्हें खातेगांव से चुनाव लड़ाया था, लेकिन वे भाजपा के आशीष गोविंद शर्मा से चुनाव हार गए थे।

## काली पट्टी बांधकर काम कर रहे जूनियर डॉक्टर्स

### कहा- मांगें नहीं मानी तो जाएंगे हड़ताल पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मासिक स्टाइपेंड में वृद्धि को लेकर प्रदेश भर में जूनियर डॉक्टर्स इन दिनों काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कर रहे हैं। जूनियर डॉक्टर्स के अनुसार राज्य शासन ने 7 जून 2021 को जूनियर डॉक्टरों के मासिक स्टाइपेंड में वृद्धि की थी।**

साथ ही, प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह में उस वर्ष के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के अनुसार वार्षिक वृद्धि का भी प्रावधान था। परंतु, अप्रैल 2022 के स्थान पर वृद्धि नवंबर 2022 में हुई। नवंबर 2022 के बाद अप्रैल 2023 में कोई वृद्धि नहीं हुई और अभी तक काम अटका हुआ है। जिसको लेकर हम इन दिनों काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं।

### प्रदेश भर में 1500 से अधिक जूनियर डॉक्टर्स

जूनियर डॉक्टर्स की माने तो हम अभी लगातार संबंधितों से चर्चा कर रहे हैं। हर जगह सिर्फ आश्वासन दिए जा रहे हैं, अगर जल्द ही हमारी मांगे नहीं मांगी गईं तो प्रदेश भर के जूनियर डॉक्टर्स हड़ताल पर जा सकते हैं। जूनियर डॉक्टर के प्रवक्ता डॉक्टर कुलदीप गुप्ता ने बताया कि जूडा अपनी मांगों को लेकर मंत्री जी के OSD से मिली थी, वहां से आश्वासन मिला है, मगर यह मांगे नहीं मानी जाती हैं तो हम आगे की रणनीति भी तैयार कर रहे हैं। प्रदेश भर में करीब 1500 से अधिक जूनियर डॉक्टर्स हैं। वहीं, भोपाल के हमीदिया अस्पताल 250 से अधिक जूनियर डॉक्टर्स कार्यरत हैं।

**MP में तेवर दिखाने लगी गर्मी**

## दमोह-मंडला में तापमान 36 डिग्री पार, 2 से 4 डिग्री और बढ़ेगा पारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को पहली बार भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत सभी जगह दिन का टेम्प्रेचर 1 से 3 डिग्री बढ़ गया। दमोह और मंडला में टेम्प्रेचर 36 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं, भोपाल, जबलपुर समेत 11 शहरों में पारा 34 डिग्री से ज्यादा रहा।**

मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार- अभी पूर्वी हवाएं चल रही हैं। इस कारण प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा है। हालांकि, 12 मार्च से अगले वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) देश में एक्टिव हो रहा है। इसका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। इससे दिन के टेम्प्रेचर में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। इससे पहले 2 से 4 डिग्री तक पारा बढ़ा हुआ रहेगा।

### भोपाल में 2.7 डिग्री बढ़ा तापमान, पारा 34 डिग्री पार

भोपाल में 14 मार्च तक तेज गर्मी का असर रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार से तापमान में बढ़ोतरी होने लगी। इस दिन पारा 31 डिग्री से अधिक रहा। रविवार को 2.7 डिग्री की बढ़ोतरी हुई, और 34.5 डिग्री दर्ज किया गया। रात के पारे में भी 1.1 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

### रीवा, नौगांव-पचमढ़ी में भी गर्मी बढ़ी

प्रदेश के रीवा, नौगांव और पचमढ़ी में भी पारा 29 डिग्री के पार पहुंच गया है। रविवार को रीवा में 29.2 डिग्री, नौगांव में 29.3 डिग्री और पचमढ़ी में 29.8 डिग्री दर्ज किया गया। इन तीनों शहरों में पारा 30 डिग्री के नीचे रहा। बाकी शहरों में तेज गर्मी रही।

## बीकानेर मिष्ठान भंडार पर संयुक्त टीम का छापा, नियमों के उल्लंघन पर कारखाना सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी।** कटनी में सोमवार को बीकानेर मिष्ठान भंडार पर जिला प्रशासन की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। टीम ने यहां से हाइड्रो सल्फाइड ऑफ सोडा अल्फर डाइऑक्साइड जैसे हानिकारक केमिकल को जब्त किया है।जानकारी के मुताबिक पूरी कार्रवाई कुठला थाना क्षेत्र में की गई है। इस दौरान टीम को कारखाने में मिले डीप फ्रीजर जो जंग लगे रहने के साथ ही गंदगी और बदबू युक्त थे, जिसमें मिल्क पाउडर, मावा सहित अन्य मिठाइयां रखी मिली।पूरे मामले पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया की मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत बीकानेर मिष्ठान के कारखाने पर दबिश देते हुए जांच की गई। संयुक्त टीम को मौके पर एक्सपायरी डेट का मिल्क पाउडर मिला, जिसे नष्ट कराया गया है।

**एफआईआर हुई दर्ज-** वही टीम ने वॉटर टेस्टिंग, फूड टेस्टिंग रिपोर्ट, कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस, पेस्ट कंट्रोल रिकॉर्ड नहीं पाए जाने पर इसे लाइसेंस के उल्लंघन करना पाया गया है। जिस पर कटनी एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा के निर्देशन पर कारखाने को सील किया है और कारखाना के संचालक सुखराज सिंह पुरोहित के खिलाफ धारा 269 और खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 56 के तहत एफआईआर दर्ज कराई है।

## आत्मदाह से पहले महिला ने लिखा सुसाइड नोट

### कहा- उसने मेरे फोटो वायरल कर दिए, रिश्ता तुड़वा दिया... जान दे रही हूं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल की महिला के सुसाइड केस में पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें परिचित युवक की प्रताड़ना से तंग आकर जान देने की बात कही है। उसके कमरे में मिले नोट में लिखा है- 'वह मेरा रिश्ता तुड़वा चुका है, उसने फोटो एडिट कर वायरल किए हैं। अब मैं जान दे रही हूं। मेरी मां और रिश्तेदारों को परेशान न किया जाए।'**

22 साल की आशिया ने 8 मार्च को खुद को आग लगा ली थी। 2 दिन चले उपचार के बाद रविवार 10 मार्च को मौत हो गई। महिला की एक 3 साल के बेटी है। जिस दिन बेटी का जन्म हुआ था, उसी दिन उसके पति शादाब खान की हत्या कर दी गई थी। तभी से वह बेटी के साथ मायके में थी।

### सोशल मीडिया से हुई थी पहचान

टीटी नगर थाने के सब इंस्पेक्टर (SI) अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि आशिया खान (22) की शादी वर्ष 2020 में हुई थी। उसकी तीन साल की बेटी सदफ है। शादी के एक साल बाद पति शादाब की मौत हो गई थी। इसके बाद से वह अपने मायके में रह रही थी। आशिया की दोस्ती मंडीदीप में किराये पर लाइट देने वाले सुनील से सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। दोनों 2 सालों से संपर्क में थे। सुनील लगातार आशिया पर साथ रहने का दबाव भी बना रहा था।

### इंस्टा पर ID बनाकर शेयर किए पर्सनल फोटो

पति की मौत के बाद परिजनों ने आशिया की दूसरी शादी की बात चलाई। सउदी में ड्राइवर का काम करने वाले शाहजाद से बात शुरू हुई। 2 महीनों से आशिया उसी के संपर्क में थी। जिसकी जानकारी सुनील को लगी तो उसने आशिया के ही नाम से बनी इंस्टाग्राम आईडी बनाई। जिस पर कुछ पर्सनल फोटो पोस्ट कर दीं। साथ ही, रिश्तेदारों को भी यह फोटो भेजे गए। जिसे देखने के बाद शाहजाद ने महिला से रिश्ता तोड़ दिया।

New Delhi

# सरकार को चुनाव आयोग के अधिकारियों की नियुक्ति से रोकें, सुप्रीम कोर्ट पहुंची कांग्रेस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चुनाव आयोग में दो आयुक्तों की नियुक्ति का मामला सुप्रम कोर्ट पहुंच गया है। अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद खबर थी कि इसी सप्ताह केंद्र सरकार दो आयुक्तों को नियुक्त कर सकती है। अब कांग्रेस नेता ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है कि 2023 के फैसले को देखते हुए केंद्र सरकार को आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से रोक दिया जाए। बता दें कि फरवरी में अरुप चंद्रा भी चुनाव आयुक्त के पद से रिटायर हो गए थे। ऐसे में इस समय चुनाव आयोग के पैनल में केवल एक ही आयुक्त हैं और वह हैं मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में अभी सीईसी ऐक्ट 2023



की वैधता का मामला लंबित है। इस कानून को लेकर विवाद इसलिए हुआ था क्योंकि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाले पैनल से सीजेआई को हटा दिया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। बता दें कि सीईसी कानून के मुताबिक प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय मंत्रीऔर लोकसभा में विपक्ष के नेता वाली समिति चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कर सकती है।

खबर है कि 13 और 14 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पैनल की बैठक हो सकती है। नियम यही है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के अतिरिक्त दो आयुक्त होते हैं। अरुण गोयल राजीव कुमार के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की कतार में थे। उनका कार्यकाल अभी दिसंबर 2027 तक था।

New Delhi

## फुस्स हो गया किसान आंदोलन? 'रेल रोको' में साथ नहीं आए सभी संगठन; एक दूसरे पर मढ़े आरोप

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** किसान संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर रविवार को रेल रोको आंदोलन का आह्वान किया था। कई जगहों पर किसानों ने पटरी पर बैठकर कुछ घंटों के लिए ट्रेनों की आवाजाही रोक दी। हालांकि इसका ज्यादा असर दिखाई नहीं दिया। रेल रोको अभियान में सभी संगठन साथ नहीं आए। बता दें कि रेल रोककर कुछ किसान संगठन एक बार फिर आंदोलन को तेज करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि यह सफल होता नहीं दिखाई दे रहा है। एक महीने से ज्यादा वक्त से किसान संगठन पंजाब और हरियाणा के बॉर्डर पर जमे हैं। वे दिल्ली कूच के लिए निकले थे लेकिन रास्ते में ही उन्हें रोक दिया गया।

रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम के चार बजे तक कई जगहों पर एसकेएम और एसकेएम (गैरराजनीतिक) ने आंदोलन किया और रेलवे ट्रैक पर बैठ गए। हालांकि किसान संगठनों में कई मामलों को लेकर मतभेद सामने आ रहा है और वे एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे हैं। ऐसे में किसानों कि एकता खंडित हो रही है। रविवार को किसान संगठनों ने रेल रोककर प्रदर्शन किया लेकिन SKM और SKM (गैरराजनीतिक) के बीच में मतभेद भी सामने आ गया। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन की अगुआई कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि एसकेएम (गैरराजनीतिक) के साथ हाथ मिलाने का कोई फायदा नहीं है। वहीं भारती किसान यूनियन (एकता उगराहां) की तरफ से कहा गया कि उन्हें एसकेएम (गैरराजनीतिक) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल औऱ किसान मजदूर मोर्चा के हेड सरवन सिंह पंधेर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया ही नहीं मिल रही है। बीकेयू उगरहां के महासचिव सुखदेव सिंह कोकरीकलां ने कहा कि उन्होंने रेल रोको अभइयान का पूरा समर्थन किया है।

Chhattisgarh

## कार पर पलटा सीमेंट से भरा ट्रक, 3 लोगों की दर्दनाक मौत, गाड़ी की हालत देख उड़ जाएंगे होश

**बालोद, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक सड़क हादसा में तीन लोगों की मौत हो गई. दरअसल, सीमेंट के खंभों से भरा ट्रक एक कार पर पलट गया. इस हादसे में कार पूरी तरह से चपटी हो गई थी. वहीं कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना जिले के पुरुर थाना क्षेत्र के धमतरी-कांकेर नेशनल हाईवे स्थित मरकाटोला घाटी की है.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमतरी-कांकेर नेशनल हाईवे पर मरकाटोला घाटी के पास सीमेंट के खंभों से भरा ट्रक मोड़ पर अनियंत्रित हो गया और एक हुंडई कार के ऊपर पलट गया. इस दुर्घटना में कार में सवार तीन लोगों की दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है. इस दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. आसपास के लोग बचाव के लिए दौड़े, लेकिन कार के अंदर सवार इतनी बुरी तरफ से फंसे थे कि उन्हें बाहर निकाल पाना मुश्किल हो गया था.

Bihar

## कैदी को छोड़कर खैनी खाने पर ASI सस्पेंड, होमगार्ड पर भी गिरी गाज

दरभंगा, (एजेंसी) **बिहार के दरभंगा में आज तक की खबर का बड़ा असर हुआ. पुलिस के काम में लापरवाही और पुलिस की छवि धूमिल करने के आरोप में एक ASI सरयुग प्रसाद सिंह को दरभंगा के एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने निलंबित कर दिया. साथ ही होमगार्ड अनिल कुमार पर भी गाज गिरी है. उससे अगले तीन महीने तक काम नहीं लेने की अनुशंसा की गई. दरभंगा के एसएसपी ने इसकी पुष्टि की है. उन्होने कहा है कि आगे भी ऐसे लापरवाह पुलिसवालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी.**

दरअसल, आज तक ने खबर के माध्यम से दिखाया था कि कैसे एक पुलिस अधिकारी सरयुग प्रसाद सिंह हथकड़ी लगे एक कैदी के साथ दरभंगा जिला अदालत और दरभंगा एसएसपी दफ्तर के ठीक बीच सड़क किनारे एक चाय नाश्ते की दुकान पर न सिर्फ बैठा था, बल्कि कैदी को छोड़ खैनी बनाकर खाने में व्यस्त था.

दरभंगा के एसएसपी ने बताया कि कल बहादुरपुर थाना अंतर्गत एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए लाया गया था. उसी दौरान कोर्ट के सामने जो चाय की दुकान है. वहां पुलिस अधिकारी और होमगार्ड की तरफ से लापरवाही की गयी थी. कैदी को छोड़ पुलिस खैनी खाते पाए गए थे. उनको निलंबित कर दिया गया है और होमगार्ड के जवान को तीन महीने तक काम नहीं लेने की अनुशंसा की गयी है.

खेल

## न्यूजीलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 2-0 से जीत से टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में भारी फेरबदल, भारत शीर्ष पर बरकरार

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ कर दिया है। क्राइस्टचर्च में खेले गए दूसरे मुकाबले में कंगारुओं ने तीन विकेट से जीत हासिल की। 279 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। एक वक्त टीम ने 34 रन पर चार विकेट और 80 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन मिचेल मार्श और एलेक्स कैरी के बीच हुई 140 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया।

मार्श 80 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन कैरी ने 98 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, आखिर में कप्तान पैट कमिंस ने नाबाद 32 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से जीत दर्ज करने में मदद की। कंगारुओं की इस जीत से कुछ समय पहले तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर कब्जा जमाए बैठी न्यूजीलैंड की टीम अब तीसरे स्थान पर लुढ़क गई है। पहले उसे भारत ने इंग्लैंड पर जीत दर्ज



कर पहले से दूसरे पायदान पर खिसकाया और अब ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे स्थान पर खिसका दिया है। ऑस्ट्रेलिया अब खुद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। हालांकि, इस मैच से भारत के शीर्ष स्थान पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका का मौजूदा हाल

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की मौजूदा अंक तालिका की बात करें तो भारत का अंक प्रतिशत 68.51 है और वह पहले स्थान पर काबिज है। उसने अपने नौ में से छह मुकाबले जीते हैं और दो में हार मिली है। एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत के 74 अंक हैं। वहीं, न्यूजीलैंड पर दूसरे टेस्ट में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया का अंक प्रतिशत 62.50 हो गया है। कंगारुओं ने अभी तक 12 टेस्ट खेले हैं और आठ में जीत हासिल की है। तीन में ऑस्ट्रेलियाई टीम को हार मिली है और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। न्यूजीलैंड को एक स्थान का नुकसान हुआ और वह तीसरे स्थान पर लुढ़क गई है। उसने अभी तक छह टेस्ट खेले हैं और तीन में जीत हासिल की है। दो में कीवी टीम को हार मिली है। कीवी टीम 36 अंक और 50 अंक प्रतिशत के साथ तीसरे पायदान पर लुढ़क गई है।

बांग्लादेश 50 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान का अंक प्रतिशत 36.66 है और वह पांचवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे और दक्षिण अफ्रीका 25 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। भारत से पांचवें टेस्ट में हारने के बाद इंग्लैंड का अंक प्रतिशत गिरा है। उसका अंक प्रतिशत 19.44 से घटकर 17.5 हो गया है। हालांकि, टीम आठवें स्थान पर बनी हुई है। इंग्लैंड ने अभी तक 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में 10 टेस्ट खेले हैं और तीन में जीत हासिल की है। छह मैच हारे हैं और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। श्रीलंका का अंक प्रतिशत शून्य है और वह नौवें स्थान पर है।

सिनेमा

## 'ओपेनहाइमर' को 7 अवॉर्ड, किलियन मर्फी बने बेस्ट एक्टर, जॉन सीना की 'नेकेड' एंट्री से हंगामा



अमेरिका के लॉस एंजलिस स्थित डॉल्बी थिएटर में 96वें अकैडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर्स 2024 का आयोजन हुआ. इस सेरेमनी में ओपनहाइमर फिल्म को बड़ी जीत हासिल हुई. फिल्म के एक्टर रॉबर्ट डाउनी जूनियर को उनका पहला ऑस्कर अवॉर्ड मिला. एक्टर किलियन मर्फी ने बेस्ट एक्टर और क्रिस्टोफर नोलन ने बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड जीता. दूसरे नंबर पर एमा स्टोन की फिल्म पूअर थिंग्स रही. ऑस्कर्स 2024 के मंच पर जॉन सीना ने न्यूड पहुंचकर खूब हलचल भी मचाई.

**बेस्ट पिक्चर-** डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म ओपनहाइमर ने बेस्ट पिक्चर का अवॉर्ड जीता. ऑस्कर्स 2024 में ओपनहाइमर को 13 कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था, जिसमें से 7 में फिल्म ने अवॉर्ड जीते. इसमें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर, बेस्ट एक्टर, बेस्ट डायरेक्टर भी शामिल है.

**बेस्ट एक्ट्रेस-** एमा स्टोन ने जीता बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर अवॉर्ड. स्टेज पर एक्ट्रेस इमोशनल हुईं. साथ ही उन्होंने बताया कि उनकी ड्रेस फट गई है और उनकी आवाज चली गई है.

**बेस्ट डायरेक्टर-** फिल्म ओपनहाइमर के लिए डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन को मिला बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड. ये बतौर डायरेक्टर उनका पहला ऑस्कर अवॉर्ड है.

## संपादकीय

# गंभीर धोखा ही कहेंगे

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों से पारदर्शिता की अपेक्षा की जाती है। अगर वे चंदा जुटा कर अपनी ताकत का प्रदर्शन और अनाप-शनाप खर्च की होड़ शुरू कर दें तो इसे मतदाताओं के साथ गंभीर धोखा ही कहा जाएगा। मतदाता को पूरा हक है कि जिस दल के पक्ष में वह मतदान करता है, उसके बारे में हर जानकारी प्राप्त करे। उसके आय-व्यय का हिसाब भी उसे पता हो। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म यानी एडीआर नामक संगठन ने अपने अध्ययन में खुलासा किया है कि राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे के बयासी फीसद हिस्से के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वह चुनावी बांड से प्राप्त हुआ धन है। चुनावी बांड का प्रावधान इसलिए किया गया था कि चंदे के रूप में काले धन का प्रवाह रोका जा सके। मगर वह तरीका कारगर साबित नहीं हुआ। इसे लेकर विवाद तब और बढ़ गया, जब देखा गया कि सत्तापक्ष और विपक्ष के सारे दलों को मिले चंदे की राशि में बहुत अंतर है। कुल चंदे का करीब आधा हिस्सा अकेले सत्तापक्ष को मिला और बाकी में सारे दलों का हिस्सा है। विचित्र बात यह कि एक करोड़ की राशि वाले चंदों की संख्या अधिक थी और छोटी राशि के चंदे बहुत कम आए। मगर चुनावी बांड के नियमों के मुताबिक चूंकि चंदा देने वालों के नाम उजागर नहीं किए जा सकते, इसलिए उनके स्रोत अज्ञात ही बने रहे। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता को यह जानने का अधिकार है कि किस पार्टी को कितना और कहां-कहां से चंदा मिला। हालांकि पिछले महीने सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बांड को असंवैधानिक करार देते हुए उस पर रोक लगा दी और भारतीय स्टेट बैंक से तीन हफ्ते के भीतर वे सारे नाम निर्वाचन आयोग को सौंपने को कहा, जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में राजनीतिक दलों को चंदे दिए हैं। मगर स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय में समय सीमा बढ़ा कर जून तक करने की फरियाद लगा दी। इसे लेकर स्वाभाविक ही एक नए तरह का विवाद शुरू हो गया। अब सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई है कि स्टेट बैंक की इस नाफरमानी पर अवमानना की कार्रवाई हो। देखने की बात है कि अदालत इस पर क्या रुख लेती है। मगर एडीआर के अध्ययन से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि चुनावी बांड का प्रावधान इसी मंशा से किया गया था कि राजनीतिक दल मनमाने तरीके से चंदा जुटा सकें और उसके बारे में लोगों को जानकारी भी न मिलने पाए।

॥ राम ॥

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**इन्सान मृत्यु से नहीं मरता भय से मरता हैं।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर सपाटा

# मथुरा-वृंदावन के अलावा इन 5 जगहों पर होता है मजेदार होली सेलिब्रेशन, आप भी प्लान करें ट्रिप



रंगों का त्योहार होली बस कुछ ही दिनों में आने वाला है। भारतीय त्योहारों के मुख्य त्योहारों में से एक होली के आने लसे पहले लोग खूब प्लानिंग करना शुरू कर देते हैं। कुछ लोग तो इस दौरान घूमने-फिरने की प्लानिंग करते हैं। इस साल होली पर लॉन्ग वीकेंड मिल रहा है। ऐसे में आप भी कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। यहां हम 5 ऐसी जगहों के बारे में बता रहे हैं जहां होली सेलिब्रेशन के लिए जा सकते हैं।

### →पुष्कर

पुष्कर में होली बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। यहां पर पारंपरिक होलिका दहन के साथ त्योहार की शुरुआत होती है। होली सेलिब्रेशन के बाद एक भव्य दावत भी होती है, जिसमें आप पारंपरिक राजस्थानी डिशेज जैसे दाल बाटी, गट्टे की सब्जी खा सकते हैं।

### →वाराणसी

वाराणसी को हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पवित्र नगरों में से एक माना जाता है। यह शहर हमेशा से ही सांस्कृतिक एवं धार्मिक केन्द्र रहा है। होली के दौरान यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है। होली की छुट्टियों के दौरान आप यहां जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

### →उदयपुर

कई विरासत स्थल, झीलें और अरावली पर्वत श्रृंखलाएं उदयपुक की सुंदरता में चार चांद लगा सकती हैं। होली के मौके पर यहां की खूबसूरती बढ़ जाती है। यहां होली से एक दिन पहले बोनफायर की तरह होलिका दहन होता है। इसके बाद लोग राजस्थानी कपड़े पहनकर लोकगीत गाते हैं। यादगार होली सेलिब्रेशन के लिए आप यहां पर जाएं।

### →हम्पी

कर्नाटक के हम्पी की होली भी दुनिया भर में मशहूर है। माना जाता है कि सुग्रीव अपनी वानर सेना के साथ इसी जगह में रहते थे। होली सेलिब्रेशन के लिए यहां हजारों लोग आते हैं। यहां की होली भी काफी मजेदार होती है। दो दिन के इस उत्सव को देखने के लिए जरूर जाएं।

### →इंदौर

इंदौर में भी होली का जश्न देखने लायक होता है। इंदौर में रंगपंचमी पर रंग खेले जाते हैं। इस दिन बड़े लेवल पर गेर निकाली जाती है, जिसमें हजारों किलो गुलाल और पानी से लाखों लोगों को भिगोया जाता है।

## Highlights

1. Celebrity MPs' lacklustre 17th Lok Sabha performance
2. Fake claims of Kashmiris strike on Modi's recent visit went viral
3. Modi paid no visit to Manipur in 311 days of violence: Gogoi
4. CPR Pledge Program Conducted by KMC Hospital in Mangaluru
5. 6 dead, 6 hurt after car collides with parked vehicle in Haryana
6. SC to hear SBI's plea seeking extension to disclose details
7. SC to hear application filed by SBI in Electoral Bonds issue

# HDFC Bank share price falls 1.16% after CLSA downgrades stock: What's happening?

**NEW DEIHI, (Agency).** HDFC Bank share price: HDFC Bank share price fell over one per cent in early trade today (March 11). This comes after foreign brokerage firm CLSA downgraded the ratings and cut its target price on the stock. At 10:15 am, HDFC Bank shares traded 1.16% lower at ₹1,429.60 apiece on the BSE. CLSA downgraded HDFC Bank to 'Outperform' from 'Buy'. The brokerage firm also cut the target price sharply to ₹1,650 per share from ₹2,025 as it said that the stock is at an inflection point in its journey.

Merger with mortgage lender Housing Development Finance Corporation (HDFC) does provide long-term benefits, the firm said but it poses more challenges than upsides, CLSA warned.

Read more: Gopal Snacks IPO closes today: Check GMP, subscription status. Should you apply?

It also said that HDFC Bank may face two




challenges on deposits - a high ask rate and a tough environment. NIM recovery for HDFC Bank will be more 'U-shaped' than 'V-shaped', it said, adding, "The deposit-gathering requirement increases significantly, and coincidentally, in an environment where deposit growth is challenging for the banking sector. We believe HDFC Bank will be prudent when it comes to deposit pricing and sacrifice growth, if the need so arises."

The foreign brokerage house cut HDFC Bank's deposit accretion estimates for FY2025 to ₹4.2 lakh crore from ₹5.2 lakh crore. It also cut its loan growth to 10% from 15% and trimmed its FY25 and FY26 earnings per share (EPS) estimates by 5%.

In the past three years, HDFC Bank share price performance has been lukewarm, down over 7%. The stock has underperformed the benchmark indices. HDFC Bank shares have fallen over 13% in the past three months and more than 16% in 2024 so far. In one year, the stock has declined over 9%.

# Gopal Snacks IPO closes today: Check GMP, subscription status. Should you apply?

**NEW DEIHI, (Agency).** Gopal Snacks IPO: The initial public offering for Gopal Namkeen Limited opened on March 6 and will close today (March 11). As bidding for the IPO ends today, investors just have one day to apply for the public issue whose price has been fixed at ₹381 to ₹401 per equity share.

As per the subscription status, the book build issue has been booked 1.40 times in the first two days of bidding. The grey market signalled a positive listing of the company's shares.

Gopal Snacks IPO GMP: Gopal Snacks IPO grey market premium today is ₹25




as it expected to further improve owing to positive outlook in the secondary market.

Gopal Snacks IPO subscription status: In the first two days of bidding, the issue was subscribed 1.40 times whereas the retail portion of the public issue was subscribed 2.01 times while the NII portion was booked 1.63 times. The QIB segment was booked 0.09 times.

Gopal Snacks IPO lot size is 37 equity shares and in multiples of 37 equity shares thereafter. The issue reserves not more than 50% of the shares in the public issue for qualified institutional buyers (QIB), not less than 15% for non-institutional Institutional Investors (NII), and not less than 35% of the offer is reserved for retail investors.

Gopal Snacks IPO details: The company's promoters are Gopal Agriproducts, Dakshaben Bipinbhai Hadvani, and Bipinbhai Vithalbhai Hadvani.

# आटो चालक मासूम बच्चे को लेकर थाने पहुंचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। परिवार को बिना बताए दिल्ली जाने आटो में बैठे 11 साल के मासूम को थाने लाया गया। यहां बच्चे की काउंसलिंग कर उसे परिजनों को सौंपा। बच्चा घर का पता नहीं बता पा रहा था, इस पर स्कूल से पिता का नंबर लेकर उन्हें बुलाया। शहर में पुलिस लगातार जागरूकता कार्यक्रम चल रहा है। इसी कार्यक्रम से प्रेरित होकर रिक्शा चालक ने संवेदनशीलता का परिचय दिया था। 9 मार्च को आटो चालक पंकज पिता सुरेश मंडलोई निवासी प्रजापत नगर ने छोटी ग्वालटोली पुलिस को सूचना दी कि बालक अकेला दिल्ली जाने आटो में बैठा है, मुझे संदेह हुआ इसलिए थाने लाया हूं। पुलिस ने बालक को संरक्षण में लेकर संवेदनशीलता और प्यार से बातचीत कर उसका नाम पूछा। बच्चे ने अपना नाम अरविंद बताया, लेकिन घर का पता नहीं बता सका। पुलिस ने उसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। थाना प्रभारी ने स्टाफ को बालक के माता-पिता की तलाश में रवाना किया। मशक्कत के बाद पुलिस बालक के घर पहुंची, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। इस पर बालक के स्कूल से उसके पिता का फोन नंबर लेकर थाना बुलाया तो पिता उसे देखकर अवाक रह गए। उन्होंने बताया कि हम दोनों पति पत्नी वर्किंग हैं। यदि ये अकेला हमें बिना बताए दिल्ली चला जाता तो पता नहीं इसके साथ क्या होता। पुलिस अधिकारियों ने बालक को समझाइश दी कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए, अभी आप छोटे हो और तुम्हें कहीं घुमने जाना है तो माता-पिता के साथ जाओ।

## थाने के 49 वाहनों की नीलामी 16 को

**इंदौर**। परदेशीपुरा थाना में गत वर्षों में लावारिस पड़े और जब्त वाहनों की नीलामी के लिए विधिक प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है। नीलामी के लिए 49 दोपहिया वाहन चिन्हित किए गए हैं। इस संबंध में संपूर्ण प्रक्रिया पालन उपरांत इन वाहनों के विषय में कोई दावा आपत्ति प्राप्त ना होने की दशा में पुलिस उपायुक्त जोन-2 अभिषेक आनंद ने वाहन जो जस की तस अवस्था में मौजूद है, को 16 मार्च को नीलाम करने का निर्णय लिया है। इच्छुक व्यक्ति सुबह 11 बजे थाना प्रांगण में नीलामी में शामिल हो सकता है।

## पुलिस ने पकड़ी 10 हजार की शराब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गुजरात पासिंग कोरियर वाहन से चेकिंग के दौरान पुलिस ने 10 हजार लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। भंवरकुआ पुलिस को सूचना मिली थी कि अग्रसेन नगर चौराहा से कार क्रमांक जीजे 27 टीटी-8473 में शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर कार को रोका। कार में 24 पेटी बीयर तथा 8 पेटी व्हीस्की मिली। मामले में पुलिस ने कार चालक केतन पिता नवीन कुमार पटेल निवासी आणंद गुजरात को पकड़ा। उसने बताया कि उक्त शराब वासू नामक युवक से खरीदकर गुजरात में बेचता है। आरोपी लंबे समय से इस धंधे में लगा हुआ था। कोरियर वाहन होने से पुलिस ने कभी भी उसे रोककर चेकिंग नहीं की।

# आग से झुलसने वाले युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आग से झुलसे एक हम्माल की इलाज के दौरान शनिवार देर रात मौत हो गई। वह इंदौर के राजनगर एरिया का रहने वाला था। 2 मार्च की सुबह चाय बनाते गैस लीकेज से लगी आग से झुलस गया था। इलाज के लिए पड़ोसियों ने एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया था। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम चेतन सिंह (25) पुत्र कालू सिंह सिसोदिया है।

परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक चेतन सुसनेर के लोधाखेड़ी का रहने वाला था। हादसे के एक दिन पहले पत्नी रानू अपनी नानी से मिलने बेटी को लेकर खंडवा नाका गई थी। सुबह चेतन काम पर जाने से पहले चाय बना रहा था। उसने लाइटर से जैसे ही चूल्हे में आग लगाई। आग भभक उठी और वह झुलस गया। आठ दिन इलाज चलने के बाद शनिवार रात को उसकी मौत हो गई।

परिवार के लोगों ने बताया कि चेतन ने 10 दिन पहले ही राजनगर में कमरा किराए से लिया था। उसकी शादी को आठ साल हो गए हैं। 7 साल की एक बेटी है। पत्नी छह माह की गर्भवती है। चेतन की सास सुमित्रा के मुताबिक चेतन की बहन को आठ दिन पहले सूचना दी। लेकिन अस्पताल में उसकी देखरेख के लिए परिवार से कोई नहीं पहुंचा।

# सटोरियों की धरपकड़, सवा लाख रुपए बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। द्वारकापुरी पुलिस ने अंकल गली हरिओम मार्केट के सामने स्थित मकान पर दबिश डालकर वहां से महिला सहित सात युवकों को पकड़ा। सभी सट्टा कर रहे थे। उनके पास से एक लाख 27 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। टीआई अनिल गुप्ता को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में महिला पुरुष आनलाइन क्रिकेट का सट्टा कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर दबिश दी। यहां से हरप्रीतसिंह पिता अवतारसिंह निवासी द्वारकापुरी, अजय पिता केशराज कक्कड़ निवासी प्रजापत नगर, संजय पिता मनोहरलाल खत्री निवासी द्वारकापुरी, रवि पिता मनोहरलाल खत्री निवासी द्वारकापुरी, नीरज तलरेजा निवासी विदुर नगर, कन्हैया पिता जेठानंद हिरवानी निवासी द्वारकापुरी और रचना पति मनोहरलाल खत्री निवासी द्वारकापुरी को पकड़ा।

# महिलाओं ने हेलमेट पहनकर निकाली रैली

### प्रतिभागियों को मेडल-प्रशस्ति पत्र बांटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हेलमेट के प्रति वाहन चालकों में जागरुकता का संचार करने पहली बार 350 महिलाओं ने मोर्चा संभाला। पलासिया सेल्फी पाइंट से राजबाड़ा तक रैली निकाली। रैली को एडिशनल सीपी ने फ्लैग आफ किया, वहीं प्रतियोगितों को मेडल और प्रशस्ति पत्र बांटकर प्रोत्साहित भी किया। हेलमेट वाली नारी थीम पर आधारित रैली में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनीष अग्रवाल ने सडक़ सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने सभी मातृशक्ति की सराहना की। महिलाओं से अपील की कि आप परिवार के सदस्यों को भी यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करें। द वल्र्ड ऑफ फिटनेस के हेड और आयोजन से जुड़ी आरती माहेश्वरी एवं राइडर संध्या जायसवाल ने बताया कि जिस तरह हमारा इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है उसी प्रकार यातायात व्यवस्था में भी बेहतर बने। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। विभिन्न संस्था, महिलाओं का ग्रुप एक साथ इक_ होकर यही संदेश देने निकली है कि सडक़ सुरक्षा जागरूकता में महिलाएं भी अपना बढ़ चढक़र योगदान देगी। सहायक पुलिस आयुक्त सौम्या अग्रवाल के नेतृत्व में रैली घंटाघर, हाईकोर्ट, रीगल होते हुए राजवाड़ा पहुंची। रैली का समापन प्रारंभिक स्थल पर हुआ। क्वींस ऑन द व्हील की टीम को शील्ड, सर्टिफिकेट प्रदान किए। कार्यक्रम में इन्दौर पुलिस महिला ग्रुप, यातायात पुलिस महिला ग्रुप, नायिका क्लब, वाओ ग्रुप, साड़ी कल्चर, युवान ग्रुप, क्रिएट स्टोरी, श्री मध्यप्रदेश माहेश्वरी समाज, सत्य सेवा संकल्प मंच, हाईवे क्षेत्र माहेश्वरी समाज, याराना ग्रुप, केसर साड़ी, इन्दौरी बाइकरनी, कैस्ट्रॉल ग्रुप, भक्ति योग ग्रुप, इंदौरी आर्टिस्ट टीम, इंदौरी सुबह टीम आदि संस्थान की महिलाओं ने भाग लिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक